दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 19 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने के लिए पंद्रह दिनों की समय सीमा निर्धारित की।

02. केंद्र सरकार ने कहा – यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत आने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारी ग्रेच्युटी लाभ के लिए पात्र होंगे।

03. बिहार के तीन साहित्यकारों नेहा झा मणि, मुन्नी कामत और डॉ. धीरज पांडेय को विभिन्न श्रेणियों में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिये जाने की घोषणा।

04. और, मौसम विभाग ने आज नवादा, गया और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश जबकि कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है। इसके लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं को शामिल करने या मौजूदा मतदाताओं के किसी भी विवरण में बदलाव के साथ ही नया पहचान पत्र पंद्रह दिनों के भीतर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

---

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों को अब सेवानिवृत्ति और मृत्यु की स्थिति में ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा। एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा कि यह नई व्यवस्था राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत सभी श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

———बाइट———

जितने भी प्रशासिनक सुधार पिछले 11 वर्षों में हुए हैं वो केवल गवर्नेंस तक ही सीमित नहीं रहे, उनका बहुत दूरगामी प्रभाव रहा सामाजिक, आर्थिक भी। इसी तरह से उनके पीछे टेक्नॉलजी का भरपूर इस्तेमाल करते हुए, ईज़ ऑफ लिविंग, ईज़ ऑफ गवर्नेंस का प्रयास रहा।

---

राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों को विषयवार शिक्षकों की रिक्तियां देने के लिए कहा गया है। राजभवन में राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां की अध्यक्षता में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की हुई बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए गए। सभी कुलपतियों को शिक्षकों की आवश्यकताओं के संबंध में समेकित रिक्ति भेजने को कहा गया है, ताकि आवश्यकतानुसार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जा सके। रिक्ति के आधार पर नियमित नियुक्ति भी होनी है। राज्यपाल ने कुलपतियों को शैक्षणिक सत्र हर हाल में नियमित रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एक कमेटी का गठन करने को कहा, जिसके समक्ष सभी कुलपति अपने–अपने विश्वविद्यालय की समस्याओं और उनके निदान से संबंधित सुझाव रखेंगे।

———————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय अध्यक्ष, लिपिक और परिचारी की नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू नहीं होगी। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन पदों के लिए दूसरे राज्यों के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे। इन अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। बिहार लोक सेवा आयोग के सचिव सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी नियुक्तियां राज्य सरकार के नियमों के अनुसार की जाएगी। इनमें बाहरी अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के तहत आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————

भागलपुर के पीरपैंती में बनने वाले दो हजार चार सौ मेगावाट बिजली घर के निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि अगले महीने तक निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद इस बिजली घर का शिलान्यास होगा। इस साल इस परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। श्री यादव ने बताया कि पांच साल में यहां से बिजली उत्पादित होने लगेगी। बिहार की यह अपनी और सबसे बड़ी बिजली इकाई होगी। इस परियोजना में पच्चीस हजार करोड़ रूपये से अधिक का निजी निवेश होगा। निवेशक इसमें पैसा लगाएंगे और सरकार बिजली की खरीदारी करेगी। यह बिहार में अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा।

———————————————————

बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कनेक्शन की नई दर तय की है। बिजली कंपनी की याचिका पर पिछले वर्ष दस दिसम्बर को सुनाए गए फैसले में

आयोग ने आंशिक संशोधन किया है। इसके तहत उपभोक्ताओं को अब केवल बिजली कनेक्शन का ही पैसा देना होगा। तार–पोल की जरूरत हुई तो कंपनी ही उसका खर्च वहन करेगी। आयोग का यह निर्णयएक सौ पचास किलोवाट तक के कनेक्शन पर लागू होगा। आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी, सदस्य अरुण कुमार सिन्हा और पीएस यादव ने यह फैसला सुनाया है।

---

पटना में पूर्वी प्रक्षेत्र के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन अब चौबीस जून को होगा। पहले यह सम्मेलन सत्रह जून को होना था। सम्मेलन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार के ऊर्जा मंत्री शामिल होंगे। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बिहार के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को इस संबंध में औपचारिक निमंत्रण पत्र भेजकर जानकारी दी है।

---

मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन में बिहार को देशभर में पहला स्थान मिला है। इस सूची में उत्तर प्रदेश दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है। बिहार के छह लाख तैंतालीस हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मियों ने मिशन कर्मयोगी योजना के तहत ऑनलाइन काम करने की दक्षता हासिल कर काम शुरू कर दिया है।

---

बिहार के तीन साहित्यकारों को विभिन्न श्रेणियों में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई है। नेहा झा मणि को उनकी कविता संग्रह **बनारस आ हम** के लिए ये पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, साहित्य अकादमी बाल पुरस्कार श्रेणी में मैथिली के लिए मुन्नी कामत को उनकी लघु कथा संग्रह **चुक्का** के लिए पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है। इसके अलावा संस्कृत में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार कामेश्वर सिंह, दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर धीरज पांडेय को उनकी पुस्तक **पारिभाषिकशब्दस्वारस्यम्** के लिए दिया जाएगा। नेहा झा मधुबनी के मंगरौनी की रहने वाली हैं, जबकि मुन्नी कामत मधुबनी के फुरपरास प्रखंड के सुरियाही गांव की रहने वाली हैं। वहीं, डॉक्टर धीरज पांडेय मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया के रहने वाले हैं।

---

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मानसून राज्य के सभी हिस्सों में पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। इधर, मानसून के प्रभाव से राजधानी पटना और आस–पास के हिस्सों में आज सुबह से हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज नवादा, गया और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राज्य के शेष हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है।

---

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि खरीफ मौसम में किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि राज्य को केंद्र से यूरिया, डीएपी, एनपीके, एनओपी और एसएसपी का पर्याप्त कोटा आवंटित किया गया है। राज्य में उर्वरकों की आपूर्ति और भंडारण की स्थिति बेहतर है। किसी भी जिले में उर्वरक की कमी नहीं है।

---

बिहार की एक नाबालिग लड़की ने सुप्रीम कोर्ट में जबरन कराये गए बाल विवाह को रद्द करने के लिए याचिका दायर की है। याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने इस मामले में बिहार पुलिस महानिदेशक और दिल्ली पुलिस के आयुक्त को नोटिस जारी कर पंद्रह जुलाई से पहले जवाब दायर करने का निर्देश दिया है। साथ ही नाबालिग और उसकी मदद करने वाली एक दोस्त को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गए हैं।

---

पटना हाईकोर्ट ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के भड़काऊ भाषण के मामले में मुख्य न्यायायिक अधिकारी, अरिरया द्वारा लिये गये संज्ञान आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति चंद्र शेखर झा की पीठ ने मामले की सुनवाई के बाद यह आदेश सुनाया।

---

भाजपा ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के खिलाफ पटना के साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि जनसुराज ने सोशल मीडिया पर भाजपा का फर्जी पेज बनाया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तस्वीर भी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस फेक आईडी से जनसुराज का प्रचार चल रहा है। इस बीच, साइबर थानाध्यक्ष राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

---

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए श्रावणी मेले के अवसर पर गया–कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन का सुल्तानगंज स्टेशन पर ठहराव करने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यह ट्रेन ग्यारह जुलाई से नौ अगस्त तक दो मिनट के लिए सुल्तानगंज स्टेशन पर रूकेगी।

---

फर्स्ट बिहार स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट की आज से पटना में शुरूआत हो रही है। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि बाईस जून तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सत्रह जिलों से दो सौ पचास से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल के मार्गदर्शन में आयोजित हो रही है।

---

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डूबने की घटनाओं में बारह लोगों की मौत हो गई। बेगूसराय में चार, वैशाली में तीन, सुपौल और सहरसा में दो–दो तथा कटिहार में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हुई है।

पश्चिम चंपारण जिले की एक अदालत ने चर्चित देवर–भाभी हत्याकांड के तीन दोषियों अमला यादव, कमल यादव और हीरा यादव को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

सीतामढ़ी जिले के पुपरी थाना क्षेत्र के सिंगियाही से पुलिस ने सूडान के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह बिना वैध कागजात के रह रहा था।

अररिया सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो गई है। जिलाधिकारी अनिल कुमार ने कल इस सुविधा का उद्‌घाटन किया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र इक्कीस से पच्चीस जुलाई तक। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए तीन हजार रूपये में वार्षिक टोल पास। पंद्रह अगस्त से प्रभावी होगी व्यवस्था। **प्रभात खबर** ने शिक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के हवाले से लिखा है – राज्य के बाईस जिलों की स्कूली शिक्षा की ग्रेडिंग में सुधार, सोलह जिले जस के तस। **दैनिक भास्कर** लिखता है – मानसून पटना के पूर्वी छोर पर आया, रात में कई जगह बारिश। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – अहमदाबाद विमान हादसे में एक सौ नब्बे मृतकों की पहचान हुई। **आज अखबार** ने लिखा है – अमेरिका तक पहुंचा बिहार का मखाना।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने के लिए पंद्रह दिनों की समय सीमा निर्धारित की।

02. केंद्र सरकार ने कहा – यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत आने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारी ग्रेच्युटी लाभ के लिए पात्र होंगे।

03. बिहार के तीन साहित्यकारों नेहा झा मणि, मुन्नी कामत और डॉ. धीरज पांडेय को विभिन्न श्रेणियों में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिये जाने की घोषणा।

04. और, मौसम विभाग ने आज नवादा, गया और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश जबकि कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।